तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 साहित्य की विरासत को आगे बढ़ा रहा है कोसम - प्रभात





खबर संक्षेप

पनिका समाज की बैठक 1 नवंबर को

बैकुण्ठपुर। भारतीय पनिका समाज जिला कोरिया की मासिक समीक्षा बैठक आगामी 1 नवंबर को आयोजित किया गया है। इस संबंध में भारतीय पनिका समाज जिला कोरिया के अध्यक्ष राजाराम जांता ने जानकारी दी कि 1 नवंबर को सामाजिक भवन खोड़री बैकुंठपुर में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक समीक्षा बैठक आयोजित किया गया है, इसमें सामाजिक नियमावली तैयार किए जाने सुझाव एवं प्रस्ताव पर समाज के लोगों के बीच चर्चा की जाएगी।

जिले में 65 करोड़ रुपए के 1,558 कार्य स्वीकृत

मनेन्द्रगढ़। विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के माध्यम से एमसीबी जिले में ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विकास और जल संरक्षण के कार्यों को गति मिल रही है। जिले में रोजगार सृजन के लिए कुल 65 करोड़ रुपये की लागत के 1,558 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम के नेतृत्व में जिले की ग्राम पंचायतों में रोजगार मूलक एवं विकास कार्यों का संचालन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में वर्तमान में 438 कार्य प्रगतिरत हैं।

सुरक्षा के मद्देनजर पार्क प्रबंधन ने लगाई रोक

हाथियों की मौजूदगी से बालमगढ़ी पर्यटन स्थल का रास्ता बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में स्थित गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल बालमगढ़ी जाने वाले मार्ग को हाथियों के विचरण के कारण बंद कर दिया गया है।

बीते कई दिनों से पर्यटकों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके चलते बालमगढ़ी पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने की योजना बनाकर आने वाले पर्यटकों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। पार्क प्रबंधन के अनुसार, फिलहाल मार्ग खुलने की संभावना नहीं है। दिसंबर में मार्ग दोबारा शुरू किए जाने की संभावना जताई गई है। गौरतलब है कि गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थित बालमगढ़ी प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। यहां से घने जंगलों का मनोरम दृश्य दिखाई देता है। इसके अलावा पहाड़ की सीधी और सपाट चट्टानों के साथ गहरी खाई का दृश्य भी पर्यटकों को आकर्षित करता है। प्राकृतिक नजारों का



आनंद लेने के लिए लोग यहां पहुंचते हैं। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से हाथियों के दल की आवाजाही और क्षेत्र में उनके ठहराव के कारण इस पर्यटन स्थल तक पहुंचना प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालमगढ़ी मार्ग पर हाथियों के दल की लगातार आवाजाही और उनके विचरण को देखते हुए पार्क प्रबंधन ने एहतियातन यह कदम उठाया है। सोनहत पार्क परिक्षेत्र के अधिकारियों के निर्देश पर बालमगढ़ी पहुंच मार्ग के शुरूआती प्रवेश बिंदु पर ही पर्यटकों की आवाजाही रोक दी गई है। सुरक्षा कारणों से किसी को भी आगे जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हाथियों की मौजूदगी के बीच पर्यटकों की आवाजाही से संभावित खतरे को देखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है।

दिसंबर में खुल सकता है मार्ग

पार्क प्रबंधन के अनुसार, बालमगढ़ी पर्यटन स्थल तक पहुंच मार्ग फिलहाल बंद रहेगा। हाथियों के विचरण के कारण पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रतिबंध जारी रखा गया है। प्रवेश द्वार पर मौजूद विभागीय अधिकारी ने बताया कि अभी मार्ग खुलने की संभावना नहीं है। दिसंबर में मार्ग दोबारा खोले जाने की संभावना जताई गई है। हालांकि, मार्ग खोलने का निर्णय उस समय की परिस्थितियों और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर लिया जाएगा।

प्रवेश द्वार पर लगाया सूचना बोर्ड



बालमगढ़ी पर्यटन स्थल जाने वाले मार्ग के बंद होने की जानकारी सभी लोगों को नहीं होने के कारण प्रतिदिन कई पर्यटक यहां पहुंचने के लिए निकल पड़ते हैं। लेकिन टाइगर रिजर्व के प्रवेश द्वार पर पहुंचने के बाद उन्हें मार्ग बंद होने की जानकारी मिलती है, जिसके बाद उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। पर्यटकों को परेशानी से बचाने के लिए पार्क प्रवेश द्वार पर मार्ग बंद होने और आवागमन प्रतिबंधित किए जाने संबंधी सूचना का फ्लैक्स लगाया गया है। इसके माध्यम से पर्यटकों को पहले ही जानकारी दी जा रही है, ताकि वे प्रतिबंधित मार्ग पर आगे न बढ़ें।

28-29 को भारी बारिश की संभावना, प्रशासन अलर्ट

कलेक्टर ने दिए कंट्रोल रूम सक्रिय रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बंगाल की खाड़ी में बने गहरे अवदाब के प्रभाव से छ.ग. में 28 और 29 अक्टूबर को भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 अक्टूबर को दक्षिण छ.ग. और 29 अक्टूबर को उत्तरी हिस्से में कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी तथा कहीं-कहीं अत्यंत भारी वर्षा हो सकती है।

संभावित परिस्थितियों को देखते हुए कोरिया कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने संबंधित विभागों को अलर्ट रहने और आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा है कि किसी भी प्रकार की जनहानि रोकना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से तैयारियों की समीक्षा करें और आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहें। इस दौरान संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर ने जिला एवं तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रखने तथा मौसम संबंधी चेतावनियों की निरंतर निगरानी करने को कहा है। राजस्व, पुलिस, जल संसाधन, कृषि, स्वास्थ्य, विद्युत, लोक निर्माण, वन एवं आपदा प्रबंधन विभाग सहित नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों को समन्वय के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निचले इलाकों, जलभराव और बाढ़ की आशंका वाले स्थानों की पहचान कर आवश्यकतानुसार राहत एवं बचाव की व्यवस्था रखने को कहा गया है। डीडीआरएफ, होमगार्ड एवं अन्य बचाव दलों को जरूरी उपकरणों सहित तैयार रखने तथा आपात स्थिति की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जल संसाधन विभाग को जलाशयों एवं बांधों के जलस्तर की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। जल निकासी की आवश्यकता होने पर प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को समय रहते चेतावनी देने और संबंधित विभागों के साथ समन्वय सुनिश्चित करने को कहा गया है। आमजन तक मौसम की चेतावनियां समय पर पहुंचाने पर भी जोर दिया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से जलभराव वाले स्थानों से दूर रहने तथा पानी बहने की स्थिति में नदी-नालों और पुल-पुलियों को पार नहीं करने की अपील की है। वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों से संभावित भारी वर्षा के दौरान विशेष सावधानी बरतने और जलमग्न मार्गों से गुजरने से बचने को कहा गया है। किसानों को फसलों की कटाई और उपज के सुरक्षित भंडारण की योजना बनाते समय स्थानीय मौसम पूर्वानुमान का ध्यान रखने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के 25 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजकर 15 मिनट पर जारी बुलेटिन के अनुसार, पूर्व-मध्य और उससे लगे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में बना अवदाब गहरे अवदाब में बदल गया है। इसके आगे तीव्र होकर आंध्र प्रदेश ⏭ शेष पेज 2 पर

- **अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध**

योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

बैकुण्ठपुर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि क्रियान्वयन में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- **आवास, स्वच्छता और आजीविका सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा**

उन्होंने अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित मैदानी अधिकारियों को फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में सुधार कर निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने के



निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव द्वारा विभागीय योजनाओं की नियमित समीक्षा और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देशो के क्रम में सोमवार को यह समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न योजनाओं के मानक बिंदुओं पर प्रगति का आकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। विकसित भारत जीरामजी योजना की समीक्षा के दौरान श्री श्रीवास ने सभी तकनीकी सहायकों को प्रतिदिन ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर बालिकाओं के शौचालय, मुक्तिधाम शेड और जल संरक्षण कार्यों की निगरानी तथा समय पर मूल्यांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वीकृत कार्यों के लिए अविलंब वर्क कोड जारी कर कार्यों में प्रगति लाने को कहा।

उन्होंने आगामी सप्ताह में ग्राम पंचायतों में बैठक आयोजित कर विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। इसमें स्थानीय संसाधनों की उपलब्धता और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार विकास कार्यों का चिह्नांकन कर तकनीकी सहयोग से कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2016 से 2023 तक के ⏭ शेष पेज 2 पर

कर्मा देखने गए युवक की बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

बिश्रामपुर। ग्राम बतरा के उडारबहरा में गत दिनों कर्मा देखने गए एक युवक की बाइक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम खोपा निवासी प्रार्थी शिवकुमार राजवाड़े पिता जगल राजवाड़े गत दिनों विजयादशमी के अवसर पर आयोजित कर्मा कार्यक्रम देखने ग्राम बतरा के उड़ारबहरा गया था। इसी दरम्यान रात में ही अज्ञात चोरों ने प्रार्थी की हीरो स्प्लेंडर बाइक क्रमांक सीजी 29 एजे 7760 को चोरी कर लिया है। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।



खबर संक्षेप



कमलापुरी वैश्य समाज ने धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा

सीतापुर। कमलापुरी वैश्य समाज द्वारा शरद पूर्णिमा का पर्व बेहद हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज द्वारा कमलापुरी भवन में कमला माता की विशेष पूजा-अर्चना, हवन पूजन किया गया। इसके बाद समाज द्वारा कमलापुरी भवन से माता कमला की झांकी के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में समाज की महिला, पुरुष एवं युवा काफी संख्या में शामिल हुये। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा वापस कमलापुरी भवन पहुंची जहां सामूहिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर कमलापुरी समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता समेत काफी संख्या में महिला पुरुष एवं युवा शामिल थे।

सीएमएचओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले स्वास्थ्यकर्मी, नोटिस जारी



अंबिकापुर। जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और मरीजों को समय पर उपचार मुहैया कराने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. विजय कुमार सिंह ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का सायंकालीन औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों में व्यवस्थाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और स्टाफ की उपस्थिति की गहन पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान कुछ अधिकारी व कर्मचारी कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए गए जिस पर सीएमएचओ ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित कर्मियों को 'कारण बताओ नोटिस' जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि कार्य में लापरवाही या अनधिकृत अनुपस्थिति कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति ही सेवाओं की गुणवत्ता तय करती है। डॉ. सिंह ने समस्त मैदानी अमले को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से अपने निर्धारित मुख्यालय में ही निवास करें और तय समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्र ही ग्रामीणों का मुख्य सहारा हैं, इसलिए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का क्रियान्वयन पूरी संवेदनशीलता के साथ होना चाहिए।

कर्मा देखने गए युवक की बाइक हुई चोरी, जुर्म दर्ज

बिश्रामपुर। ग्राम बतरा के उडारबहरा में गत दिनों कर्मा देखने गए एक युवक की बाइक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम खोपा निवासी प्रार्थी शिवकुमार राजवाड़े पिता जगल राजवाड़े गत दिनों विजयादशमी के अवसर पर आयोजित कर्मा कार्यक्रम देखने ग्राम बतरा के उड़ारबहरा गया था। इसी दरम्यान रात में ही अज्ञात चोरों ने प्रार्थी की हीरो स्प्लेंडर बाइक क्रमांक सीजी 29 एजे 7760 को चोरी कर लिया है। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

अम्बिकापुर। कीटनाशक पीने से गंभीर हुई महिला की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी सलीबा निवासी पानो बाई बरवा पति आनंद राम बरवा (36 वर्ष) शराब पीने की आदी थी। महिला शराब पीने के बाद कभी घर आती तो कभी दो तीन दिन तक घर के बाहर ही रहती थी। 24 अक्टूबर को दो दिन बाद शराब के नशे में घर पहुंची। मां को नशे की हालत में देख पुत्र ने शराब पीकर घर से बाहर रहने पर घर का ध्यान रखने की बात कही। इसी बीच महिला ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन उसे तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

अग्रवाल महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

अम्बिकापुर। अग्रसेन महाराज एवं जय माता माधवी के जयकारों के साथ अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा रामअवतार अग्रवाल के प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सम्मेलन के विस्तार, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा सामाजिक गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही युगल उपासक संकीर्तन एवं प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले लीला महोत्सव को लेकर भी चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि लीला महोत्सव अब तक 17 जिलों में आयोजित हो चुका है। इस वर्ष इसका आयोजन शहर में किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, सम्मेलन के जिला अध्यक्ष अजीत अग्रवाल आदि शामिल रहे।

बेहतर आवागमन सुविधा से जिलेवासी वंचित

जिला मुख्यालय से सामरी मार्ग परियोजना पिछले 18 वर्षों से अधर में, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय से चांदो, सामरी, कुसमी होकर गुजरने वाली सड़क जिले के अंतिम क्षेत्र बॉर्डर के गांव करौंदा जाने वाली शॉर्टकट रोड है। हैरानी की बात तो यह है कि यह परियोजना पिछले 18 साल से अटकी हुई है जिससे जिले वासी ने सिर्फ बेहतर आवागमन सुविधा से वंचित है बल्कि बलरामपुर जिले वासियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग नियमित रूप से चालू नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को अतिरिक्त दूरी तय करने को मजबूर है।

खास बात
- 29 करोड़ की लागत से बन रही सड़क

बलरामपुर से चांदो कंठी घाट होकर सामरी होते हुए कुसमी जाने वाली मार्ग परियोजना में चांदो से सामरी की लगभग 26 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए वर्ष 2008 में स्वीकृति प्रदान हुई थी। लोक निर्माण विभाग 36 लाख की टेंडर से 26 किलोमीटर की सड़क निर्माण करवा रहा था और घाट कटिंग करके बेहतरीन सड़क निर्माण कराया जा रहा था ताकि पाठ क्षेत्र को इस सड़क के निर्माण होने से लाभ मिल सके। लेकिन जब इस मार्ग का निर्माण होने लगा तो लगभग 8 किलोमीटर की कंठी घाट मार्ग में फायर क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण यह काम रोक दिया गया तब से लेकर कई वर्षों तक या काम अधूरा ही रह गया। इसके बाद पुनः वर्ष 2022-23 में सभी क्लीयरेंस मिलने के बाद इस मार्ग का पुनर्निर्माण शुरू किया गया। लेकिन पहाड़ी इलाका होने और घाट क्षेत्र होने के कारण और ठेकेदार के लापरवाही के कारण दोबारा इस परियोजना के चालू होने के बाद भी सड़क निर्माण पिछले 18 सालों से लगभग 8 किलोमीटर की सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। ऐसे में पहाड़ी क्षेत्र और जिला मुख्यालय के लोग इस मार्ग का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। लगभग 8 किलोमीटर की सड़क निर्माण कार्य पिछले 18 सालों से कभी लागत बढ़ने की वजह से तो कभी फायर क्लीयरेंस लिए नहीं मिलने की वजह से तो कभी लोक निर्माण विभाग और कभी ठेकेदार की लापरवाही से अधूरा पड़ा हुआ है। इस 8 किलोमीटर की सड़क पहले जहां मात्र 36 लाख में बन रही थी उसकी लागत अब कई गुना बढ़ करके 29 करोड़ पहुंच गई है। 29 करोड़ की लागत से इस 8 किलोमीटर की सड़क निर्माण कार्य वर्ष 2023 24 से अधूरा पड़ा हुआ है और 8 किलोमीटर की सड़क देखा जाए तो पिछले 4 सालों से नहीं बन सका।



निर्माणाधीन सड़क।

साल 2008 में घाट कटिंग और सड़क की मिली

बलरामपुर से कंट्री घाट से होकर गुजरी सड़क के लिए वर्ष 2008 में घाट कटिंग का रोड बनाने की स्वीकृति मिली थी। तब से लेकर के वर्ष 2026 तक लगभग 18 सालों से यह रोड निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। 18 सालों से 8 किलोमीटर का समय निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है और लागत 36 लाख से 29 करोड़ पहुंच गई है। ऐसे में अगर अब भी सड़क नहीं बनी तो आने वाले दिनों में सड़क की लागत और भी बढ़ सकती है।

जिला मुख्यालय से जुड़ता है दर्जनों गांव

इस सड़क परियोजना के चालू हो जाने से सामरी पाठ क्षेत्र के दर्जनों गांव सीधे जिला मुख्यालय से जुड़ जाता और कम खर्च और कम समय में लोग सीधे जिला मुख्यालय पहुंच जाते हैं। सामरी पाठ क्षेत्र के दर्जनों गांव वालों को बलरामपुर जिला मुख्यालय कलेक्टर ऑफिस, जिला अस्पताल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला न्यायालय, जिला जेल सहित विभिन्न जिला स्तरीय कार्यालय के लिए जिला मुख्यालय आने हेतु उन्हें 50 किलोमीटर से भी ज्यादा अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को समय के साथ-साथ अतिरिक्त पैसे के भी खर्च करना पड़ रहा है। पठारी क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय आने में न सिर्फ परेशानियों का सामना करना पड़ता है बल्कि सड़क निर्माण नहीं होने से उनके लिए सफर भी कष्टदायक हो गई है। लोगों की मांग है कि जिला प्रशासन को ही सड़क परियोजना को पूरा करने में अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाना चाहिए और जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा करें ताकि सामरी पाठ क्षेत्र के लोग जिला मुख्यालय तक आसानी से पहुंच सके।

हुआ है सिर्फ 50 प्रतिशत कार्य

अभी हाल ही में इस सड़क का 50 प्रतिशत ही निर्माण हुआ है। ठेकेदार के लापरवाही की वजह से धीमा गति से काम होने से बरसात शुरू हो गया। ऐसे में सड़क पुनः खराब हो गया और वैकल्पिक तौर पर चल रहे यात्री बसों को कलेक्ट्रेट के निर्देशानुसार बंद कर दिया गया। लेकिन बारिश थम जाने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं होने से यह सड़क मार्ग पिछले 3 महीने से ऊपर से बंद है। जबकि इस मार्ग के नहीं बनने से सामरी पाठ क्षेत्र के छात्र-छात्राएं समय पर परीक्षा देने मुख्यालय नहीं पहुंच पाते और गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय में समय पर नहीं पहुंचने से इजाल से वंचित हो जाते है। इसके अलावा न्यायालय संबंधित कार्य के लिए भी लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

रिपोर्ट कलेक्टर को प्रस्तुत की जा चुकी है

कंठी घाट मार्ग निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति 22 सितंबर 2022 को मिली थी। शासन के तरफ से 30 करोड़ 45 लाख रुपए बजट पास हुआ था। कार्य आदेश 3 अक्टूबर 2023 को मिली थी और टेंडर प्रक्रिया करके टेंडर मारुति कंस्ट्रक्शन रायपुर को प्रदान किया गया था। कार्य को एक वर्ष के भीतर एक नवंबर 2024 तक पूरा करने निर्धारित की गई थी। ठेकेदार की धीमी गति निर्माण कार्य की वजह से यह निर्माण कार्य निर्धारित समय अवधि के बाद भी पिछले 3 साल से अटका हुआ है। वर्तमान में इस मार्ग को यात्री बसों के चलने लायक बना दिया गया है और रिपोर्ट कलेक्टर को प्रस्तुत की जा चुकी है। अभी यह सड़क पूर्ण रूप से नहीं बनी है इसलिए भारी वाहनों के लिए यह मार्ग प्रतिबंधित किया गया है।

-सीएस करवर,
ईई लोक निर्माण विभाग

मंगाई गई है रिपोर्ट

पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्च अधिकारियों से रिपोर्ट मंगाई गई है। जांच और रिपोर्ट अंतिम चरण पर है। यह मार्ग बहुत ही दुर्घटना जैन क्षेत्र है इसलिए सभी बिंदुओं पर पीडब्ल्यूडी विभाग से इसकी रिपोर्ट मंगाई गई है। सड़क की मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। जैसे ही रिपोर्ट आती है यात्री बसों के लिए क्षमता के अनुसार संचालन हेतु मार्ग चालू कर दिया जाएगा।

-चंदन संजय त्रिपाठी,
कलेक्टर बलरामपुर



चिरई जसवंतपुर में लरंग साय की प्रतिमा का अनावरण 28 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लरंग साय सेवा समिति के अध्यक्ष रामलखन सिंह पैकरा ने बताया कि 28 अक्टूबर को जिला बलरामपुर के चिरई जसवंतपुर में काका लरंग साय की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा अनावरण समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों प्रतिमा अनावरण किया जाना प्रस्तावित है।

- सीएम विष्णुदेव साय के हाथों प्रतिमा अनावरण प्रस्तावित

महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की उपस्थिति में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान श्री पैकर ने बताया कि काका लरंग साय की प्रतिमा का अनावरण केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उनके महान व्यक्तित्व, विचारों, आदर्शों, संघर्ष, सेवा और सादगी को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि काका लरंग साय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अग्रणी ध्वजवाहक रहे। उन्होंने तीन बार विधायक, दो बार सांसद, केंद्रीय मंत्री तथा अविभाजित मध्यप्रदेश में राज्य मंत्री के रूप में दायित्वों का निर्वहन किया। महत्वपूर्ण सार्वजनिक पदों पर रहने के बावजूद उन्होंने सरगुजा की जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और अपनी जड़ों से अपना जुड़ाव बनाए रखा। अंबिकापुर में रेल लाइन लाने के लिए काका लरंग साय ने जनता की मांग को प्राथमिकता देते हुए रेलवे मंत्रालय के लगातार चक्कर लगाए। उन्होंने इस मांग के समर्थन में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समक्ष अपना इस्तीफा तक प्रस्तुत करने की बात रखी थी। उन्होंने आगे बताया कि काका लरंग साय संत गहिरा गुरु के विचारों से भी गहराई से प्रभावित थे। संत गहिरा गुरु ने जनजातीय समाज में शिक्षा के प्रसार तथा मदिरा और मांसाहार से दूर रहने जैसे विचारों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान पार्षद मनोज गुप्ता व समिति के सदस्य मौजूद थे।



ग्राम हर्राटिकरा में राज्य स्तरीय नॉक आउट फुटबॉल स्पर्धा का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम हर्राटिकरा स्थित खेलो इंडिया ग्राउंड में शनिवार को राज्य स्तरीय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। 24 से 31 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

पहले दिन खेले गए मुकाबलों में वीरपुर ने अनूपपुर को 4-3 से हराया, जबकि बैकुंठपुर ने पेनाल्टी शूटआउट में बिश्रामपुर को शिकस्त दी। प्रतियोगिता का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री के निज सहायक ओमप्रकाश राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अन्य अतिथियों में जयनगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अमित गुप्ता, देवधन राम बिंझिया, राजेंद्र गवटिया, दशरथ राजवाड़े, वेद प्रकाश मिश्रा, रूपनारायण राजवाड़े, बुलचु राजवाड़े,नीरज सिंह, अंकित दुबे, खेल अधिकारी आरती पाण्डेय, सरपंच प्रतिनिधि सुंदर साय, पंचायत सचिव धनेश्वर प्रजापति, उपसरपंच संजय राजवाड़े, रामकुमार राजवाड़े, आलम राजवाड़े सहित अन्य ने अनूपपुर और वीरपुर की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबले की शुरुआत कराई। पहले मैच में अनूपपुर और वीरपुर के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें वीरपुर ने 4-3 से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में बिश्रामपुर और बैकुंठपुर की टीमें आमने-सामने रहीं। इस मुकाबले का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें बैकुंठपुर ने बाजी मारी। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और आपसी सद्भाव के साथ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने और अपनी खेल क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं। अतिथियों ने कहा कि अब ग्राम पंचायत हर्राटिकरा भी खेल ग्राम बन चुका है, जो एक बेहतर कदम है। आने वाले भविष्य में यहां और भी रोचक मुकाबले देखने व सुनने को मिलेंगे। कार्यक्रम में गंगा राम, दल साय, उमेश राजवाड़े, जनक दास, संतोष रजक, विजय राजवाड़े, शनि दास, तिरपन दास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अधिवक्ता संघ की मेहनत रंग लाई, मंगलवार से तहसील कार्यालय में लगेगा लिंक कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

उप तहसील कार्यालय में अव्यवस्था को लेकर अधिवक्ता ऋषिराज सिंह का धरना प्रदर्शन एवं अधिवक्ता संघ का समर्थन मिलने से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया था। घंटों चले इस धरना प्रदर्शन के बाद अधिवक्ता संघ और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच आपसी सहमति के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस धरना प्रदर्शन के बाद अधिवक्ता संघ द्वारा लिंक कोर्ट की मांग को एसडीएम ने हरी झंडी देते हुए मान ली है। अब मंगलवार को तहसील कार्यालय में लिंक कोर्ट लगेगा।

- धरना प्रदर्शन के बाद बनी सहमति

विदित हो कि विकासखंड मैनपाट के उप तहसील राजापुर में अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता ऋषिराज सिंह उप तहसील कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए थे।अधिवक्ता का आरोप था कि पदस्थ नायब तहसीलदार कार्यालय में ज्यादातर अनुपस्थित रहते हैं जिसकी वजह से उप तहसील कार्यालय का कामकाज काफी प्रभावित हो गया है। समय पर काम नही होने से दूर दराज क्षेत्र से आने वाले पक्षकार भी काफी परेशान हो गए है। अधिवक्ता द्वारा कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन की खबर सुन देर शाम नायब तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। वही यह खबर जब अधिवक्ता संघ को मिली तो वो भी धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन देने उपतहसील कार्यालय राजापुर जा पहुंचे। इस दौरान नायब तहसीलदार ने धरने पर बैठे अधिवक्ता को मनाने की भरपूर कोशिश की पर वो नही माने और अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा। यह बात जब जब उच्चाधिकारियों को पता चली तो प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया और इस धरना प्रदर्शन को खत्म कराने की कोशिशें शुरू हो गई।,अधिवक्ता संघ वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाना चाह रहे थे ताकि उनके समक्ष वो अपनी बात रख सके। आखिरकार एसडीएम ने मोर्चा संभाला और धरने पर बैठे अधिवक्ता समेत अधिवक्ता संघ से बात की। दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत के दौरान अधिवक्ता संघ ने उपतहसील कार्यालय का लिंक कोर्ट सप्ताह में एक दिन तहसील कार्यालय सीतापुर में खोलने की मांग रखी। इसके अलावा उन्होंने तहसीलदार स्तर के अधिकारी को मौके पर भेजने की मांग की ताकि उनकी मौजूदगी में धरना प्रदर्शन समाप्त किया जा सके। एसडीएम ने अधिवक्ता संघ की दोनों मांगो पर सहमति जताते हुए अपने प्रतिनिधि के तौर पर दो नायब तहसीलदार उमेश तिवारी एवं राजेश यादव को मौके पर भेजा। उनके आते ही आपसी बातचीत के जरिये शिकवा शिकायत दूर करते हुए धरना प्रदर्शन को खत्म कराया गया।जिसके बाद लगभग सात घँटे तक धरने पर बैठे अधिवक्ता ऋषिराज सिंह ने रात 10 बजे अपना धरना प्रदर्शन खत्म किया।



मंगलवार को तहसील कार्यालय में लगेगा लिंक कोर्ट

अधिवक्ता संघ की मांग पर मुहर लगाते हुए एसडीएम प्राची ठाकुर ने लिंक कोर्ट को अपनी हरी झंडी दे दी है। इस संबंध में एसडीएम ने आदेश जारी करते हुए प्रत्येक मंगलवार को उपतहसील राजापुर का लिंक कोर्ट तहसील कार्यालय सीतापुर में लगाने की अनुमति दे दी है। लिंक कोर्ट का आदेश जारी होते ही अधिवक्ता संघ ने एसडीएम के प्रति आभार जताते हुए कहा कि हमारी वर्षो पुरानी मांग पूरी हो गई। इस दौरान अधिवक्ता केके दुबे, संतोष गुप्ता, विजय गुप्ता, ऋषि गुप्ता, सुनील गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, शिव गुप्ता, अरुण सोनी, अर्णव गुप्ता, गोपाल गुप्ता, जरहु मिंज, रश्मि गुप्ता, गोपी उपाध्याय, द्वारिका दास समेत अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह

शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 के दूसरे दिन खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचों संभागों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

खिलाड़ियों के उत्साह और रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए खेल मैदान में खेल प्रेमियों एवं दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बैडमिंटन प्रतियोगिता के 19 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग संभाग ने प्रथम, रायपुर ने द्वितीय, बिलासपुर ने तृतीय तथा सरगुजा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। 19 वर्ष बालिका वर्ग में बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, सरगुजा तृतीय और रायपुर चतुर्थ स्थान पर रहा। इसी प्रकार 17 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग संभाग ने प्रथम, रायपुर ने द्वितीय, बिलासपुर ने तृतीय तथा सरगुजा ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। 17 वर्ष बालिका वर्ग में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय, सरगुजा तृतीय और बस्तर चतुर्थ स्थान पर रहा। सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 14 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर ने प्रथम, रायपुर ने द्वितीय और दुर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 14 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और सरगुजा तृतीय स्थान पर रहा। 17 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर ने प्रथम, रायपुर ने द्वितीय और दुर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 17 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय और दुर्ग तृतीय स्थान पर रहा। 19 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर ने प्रथम, दुर्ग ने द्वितीय और रायपुर ने तृतीय स्थान हासिल किया। 19 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न संभागों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर भी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह बना हुआ है।



फुटबॉल और बास्केटबॉल में भी दिखा रोमांच

फुटबॉल के 19 वर्ष बालक वर्ग में बस्तर संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सरगुजा द्वितीय और दुर्ग तृतीय स्थान पर रहा। बास्केटबॉल के 17 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर संभाग ने प्रथम, दुर्ग ने द्वितीय और सरगुजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 14 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर ने प्रथम, सरगुजा ने द्वितीय और बिलासपुर ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर भी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह बना हुआ है।

पृष्ठ 1 का शेष

28-29 को भारी...

तट की ओर बढ़ने की संभावना जताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इसके प्रभाव से 27 अक्टूबर को सुकमा एवं दंतेवाड़ा तथा 28 और 29 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिलों खासकर उत्तरी छत्तीसगढ़ में वर्षा की संभावना है। प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किए जाने की जानकारी दी गई है।

योजनाओं के क्रियान्वयन...

अपूर्ण आवासों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने पात्र हितग्राहियों से नियमित संवाद कर निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वीकृत आवास का निर्माण पूर्ण होने तक उसकी प्रगति की निरंतर निगरानी की जाए। निर्माण के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से तकनीकी अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण तथा बैठक करने के निर्देश भी दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा में ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर स्वीकृत सामुदायिक शौचालयों का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए गए। श्री श्रीवास ने जनपद स्तर के ब्लॉक समन्वयकों को प्रतिदिन ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर व्यक्तिगत शौचालयों की पूर्णता सुनिश्चित करने को कहा। पूर्ण हो चुके कार्यों के आवश्यक दस्तावेज तैयार कर भुगतान के लिए प्रकरण जिला पंचायत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, आवश्यकता के अनुसार प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी संरचनाओं के निर्माण प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर प्रशासकीय स्वीकृति के लिए प्रस्तुत करने को कहा गया।



किंग में शाहरुख के खूंखार लुक ने मचाया तहलका

मुंबई। शाहरुख खान की धमाकेदार वापसी होने वाली है। 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली उनकी एक्शन फिल्म 'किंग' के 17 सेकंड के नए टीजर में वे काफी रफ और खूंखार लुक में नजर आ रहे हैं। 'किंग' के नए वीडियो में शाहरुख खान के बाल सफेद-काले हैं, होंठ से खून बह रहा है और उन्होंने अपने दांतों के बीच 'किंग ऑफ स्पेड्स' यानी हुकुम का इक्का कार्ड दबा रखा है। काउंटडाउन वीडियो के आखिर में लिखा आता है- 'पिक्चर अभी बाकी है!' जो उनकी फिल्म 'ओम शांति ओम' के उस यादगार डायलॉग की याद दिलाता है। 'किंग' के नए काउंटडाउन वीडियो में आपको शाहरुख खान का खूंखार लुक देखने को मिलेगा।

लाइफ Style

अदिति

अदाकारी के साथ ग्लैमर्स का बिखेरा जलवा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म गजब रात को रिलीज किया गया। क्राइम थ्रिलर के तौर पर गजब रात की सिनेमाई गलियारे में खूब चर्चा हो रही है।

ठीक उसी तरह से इस ओटीटी मूवी में महिला पत्रकार आर्या साहनी का किरदार निभाने वाली अदाकारा का नाम भी लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। फिल्म गजब राज को क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। साथ ही जिस तरह से इस मूवी में आर्या साहनी का किरदार अभिनेत्री अदिति संध्या शर्मा ने निभाया है, उसकी भी प्रशंसा हर कोई कर रहा है। अदिति ने अपनी शानदार अदाकारी के साथ-साथ ग्लैमर्स का जलवा भी बखूबी बिखेरा है।गजब रात में अदिति महिला पत्रकार आर्या साहनी के मजबूत कैरेक्टर में नजर आई हैं और इस ओटीटी मूवी की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। आपको बता दें कि अदिति रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वालीं और फिल्मी दुनिया में कदम रखने से वह मिसे छत्तीसगढ़ का ब्यूटी कॉन्सेस्ट अपने नाम कर चुकी हैं। फिल्म गजब रात से पहले वह अभिनेता शाहिद कपूर की क्राइम थ्रिलर देवा में अहम किरदार निभाते हुई नजर आई हैं। इसके अलावा सुपरस्टार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर में भी अदिति मौजूद रहीं। इतना ही नहीं वह रणबीर सिंह के साथ एक टीवी ऐड में दिखाई दे चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला



स्विफ्ट-केल्सी के तलाक पर ली चुटकी

नई दिल्ली। एक लाइक ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है। हॉलीवुड सिंगर टेलर स्विफ्ट के पति ट्रैविस केल्सी ने 'सैटरडे नाइट लाइव' शो में शेन गिलिस के उस मोनोलॉग की क्लिप को लाइक किया है, जिसमें उन्होंने महिलाओं के जिम में पहनावे को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस वायरल क्लिप के बाद शेन गिलिस को काफी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा था। अब हाल ही 'बारस्टूल स्पोर्ट्स' ने महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी को लेकर सिंगर टेलर स्विफ्ट पर निशाना साधते हुए ट्रैविस केल्सी के साथ उनके तलाक को लेकर मजाक उड़ाया।



डेनियल की जगह लेने की रेस में शामिल दो सितारे

नई दिल्ली। 15 साल के लंबे सफर में डेनियल क्रेग ने लगभग 5 फिल्मों में जेम्स बॉन्ड का किरदार अदा किया। हॉलीवुड अभिनेता को इस भूमिका में इतना प्यार मिला कि जब डेनियल ने 'नो टाइम टू डाई' के बाद जेम्स बॉन्ड को अलविदा कहा तो फैंस का दिल टूट गया। जेम्स बॉन्ड के आइकॉनिक किरदार के लिए अमेजन एमजीएम स्टूडियो एक लंबे समय से नए चेहरे की तलाश कर रहा था। दुनिया के मोस्ट फेमस जासूस जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए कई बड़े हॉलीवुड एक्टर्स में होड़ है। रिपोर्ट्स की मानें तो रॉम-कॉम 'वन नाइट ओनली' में नजर आए 'कैलम टर्नर' और 'स्लो हॉर्सेस' के अभिनेता 'जैक लोडेन' जेम्स बॉन्ड बनने की रेस में सबसे आगे हैं, जिनका इस किरदार के लिए स्क्रीन टेस्ट हो रहा है। ये स्क्रीन टेस्ट लंदन में इस वीकेंड पर हो रहा है।



'मौजा ही मौजा' में नजर आएंगी राशि

मुंबई। साउथ की चर्चित अभिनेत्री राशि खन्ना जल्द ही अक्षय कुमार की फिल्म 'मौजा ही मौजा' में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग उन्होंने पूरी कर ली है और सेट से कुछ झलकियां शेयर करते हुए खुशी जताई है। राशि खन्ना ने आज शनिवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। साथ ही लंबा नोट लिखा है। राशि ने लिखा है, 'हर फिल्म की एक कहानी स्क्रीन पर होती है, लेकिन कभी-कभी असली मजा तब आता है, जब कैमरा चल नहीं रहा होता'। अभिनेत्री ने आगे लिखा है,'फिल्म 'मौजा ही मौजा' उन शूट्स में से एक था, जो काम से ज्यादा छुट्टी जैसा लगा। बिना रुके हंसी से लेकर लूडो गेम्स, डंब चारेड्स, कैरम मैच और बीच-बीच में होने वाले सारे पागलपन तक, कभी कोई पल बोरिंग नहीं था'।



रामायण का नया गाना मंगल रंग जारी

मुंबई। अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का नया गाना 'मंगल रंग' रविवार को रिलीज हो गया है। इसमें दर्शकों को भगवान राम और माता सीता के रूप में रणबीर कपूर और साई पल्लवी की झलक देखने को मिली है। इस गाने को अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने आवाज दी है। इसे ए.आर. रहमान ने कंपोज किया है। गाने के बोल कुमार विश्वास ने लिखे हैं। इससे पहले चेन्नई में हुए एक लॉन्च इवेंट में भी इस गाने को दिखाया गया था, जहां इसके संगीत और दृश्यों ने लोगों में काफी उत्साह पैदा किया। 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही इस फिल्म में 'मंगल रंग' एक और शानदार संगीतमय आकर्षण जोड़ता है। 25 अक्टूबर को जारिए किए गए 'मंगल गीत' गाने में राम और सीता के विवाह को दर्शाया गया है।

टीवी मसाला



करण के शो पर पहुंचे वरुण जान्हवी, अर्जुन भी देंगे दिखाई

नई दिल्ली। करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9' काफी सुर्खियों में बना हुआ है। अभी तक इसके दो एपिसोड आ चुके हैं। पहले एपिसोड में सलमान खान बतौर गेस्ट नजर आए थे और दूसरे एपिसोड में विजय और रश्मिका की जोड़ी दिखाई दी थी। वहीं, अब इसके तीसरे एपिसोड में वरुण धवन और जान्हवी कपूर नजर आने वाले हैं। दोनों करण के साथ जमकर मस्ती करते दिखाई देंगे। शो के प्रोमो में वरुण और जान्हवी एक-दूसरे की टांग खींचने के साथ करण जौहर का भी मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अर्जुन कपूर की सरप्राइज एंट्री ने इस एपिसोड को और भी मजेदार बना दिया है। शो के प्रोमो में देखने को मिला कि वरुण और जान्हवी उस समय को याद करते हैं, जब करण जौहर ने दोनों से बात करना बंद कर दिया था। जान्हवी बताती हैं कि उस दौरान उनका वजन बढ़ गया था। वहीं वरुण, करण को 'बहुत ड्रामेबाज' बताते हैं। इतना ही नहीं, वरुण, करण की नकल भी उतारते हैं और उनकी तुलना फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के अमिताभ बच्चन के किरदार से कर देते हैं। वरुण मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'आप के3जी वाले बच्चन बन गए थे... मैं बड़ा हूं, मुझे हक है।' शो में मस्ती का सिलसिला यहीं खत्म नहीं होता। अर्जुन कपूर भी सरप्राइज एंट्री करते हैं। रैपिड फायर राउंड के दौरान जब करण करियर और शादी से जुड़े सवाल करते हैं, तो दोनों में वरुण धवन, अर्जुन कपूर का नाम लेते हैं। वहीं, जान्हवी कपूर एक मजेदार खुलासा करती हैं।

गर्लफ्रेंड काशवी ने स्काउट को लताड़ा

नई दिल्ली। सलमान खान का शो बिग बॉस 20 काफी चर्चा में है। इस बार शो के वीकएंड का वार को सलमान खान के बजाए निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी ने होस्ट किया है। शेट्टी ने स्काउट और लव गिल को 'ब्लैकेट मसाज'के लिए फटकार लगाई। शो में स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी पहुंचीं। वह स्काउट पर काफी नाराज हुईं। वीकएंड का वार का एक प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी बिग बॉस के घर में आती हैं। वह स्काउट से पूछती हैं कि मसाज पार्लर कैसा चल रहा है। इसके बाद वह लव गिल से कहती हैं कि क्या सच में आप अपने मुंह बोले भाइयों के साथ ऐसा करती हो? इस पर लव गिल कहती हैं कि मेरे लिए यह नॉर्मल था क्योंकि मुझे दर्द हो रहा है।



परिणीति की सीरीज से हटाए गए अनूप के एक्शन सीन

अभिनेता अनूप सोनी हाल ही में नेटफ्लिक्स की मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज 'शक: ट्रस्ट नो वन' में नजर आए थे। इस सीरीज में परिणीति चोपड़ा और जेनिफर विंगेट भी अहम भूमिकाओं में थीं। शो में इंस्पेक्टर खुराना का किरदार निभाने वाले अनूप सोनी ने अब अपने कुछ सीन डिलीट किए जाने पर निराशा जाहिर की है।

मुंबई। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अपने डिलीट हुए सीन के वीडियो शेयर किए और बताया कि ऐसे सीक्वेंस तैयार करने में कितनी मेहनत लगती है, लेकिन कई बार इन्हें फाइनल कट में जगह नहीं मिल पाती। अनूप सोनी ने इंस्टाग्राम पर सीरीज से हटाए गए कुछ एक्शन सीक्वेंस की झलक दिखाई है।

एक वीडियो में घायल अनूप सोनी पर उनके को-स्टार विक्की अरोड़ा हमला करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद एक सीन में अनूप उनका गला दबाते दिखाई देते हैं। वहीं, दूसरे वीडियो में एक्टर की कमर पर कैमरा बंधा हुआ है और वह हांफते हुए नजर आ रहे हैं। इन सीन्स को शूट करने के लिए एक्टर ने काफी मेहनत की थी, लेकिन इन्हें सीरीज के फाइनल वर्जन में शामिल नहीं किया गया। इन वीडियो को शेयर करते हुए अनूप सोनी ने लिखा, 'शक से खुराना साहब के कुछ ऐसे सीक्वेंस, जो फाइनल वर्जन का हिस्सा नहीं बन पाए। ऐसे



सीक्वेंस तैयार करने में काफी सोच-विचार, समय, मेहनत और संसाधन लगते हैं। इसमें राइटर्स, डायरेक्टर, एक्शन कोरियोग्राफर, एक्टर्स, सिनेमैटोग्राफर, प्रोड्यूसर और पूरी क्रू टीम का योगदान होता है।' हालांकि, अनूप सोनी ने यह भी माना कि फिल्म मेकिंग में इस तरह के फैसले लेना आम बात है। उन्होंने आगे लिखा, 'जब कोई सीक्वेंस फाइनल कट में जगह नहीं बना पाता, तो थोड़ी निराशा जरूर होती है। लेकिन फिल्म मेकिंग में पूरी कहानी को ध्यान में रखना जरूरी होता है।

म्यूजिकल लव स्टोरी में आदित्य संग रोमांस करेंगी तारा, पहली बार साथ आएंगे नजर

बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर और अभिनेत्री तारा सुतारिया जल्द ही बड़े पर्दे पर स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। दोनों फिल्म निर्माता भूषण कुमार की आगामी इंटेंस म्यूजिकल लव स्टोरी में लीड रोल प्ले करते हुए दिखाई देंगे। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप मिलन जावेरी करेंगे। वहीं, शिव चानना को-प्रोड्यूसर के तौर पर फिल्म से जुड़े हैं।

नई दिल्ली। यह फिल्म प्यार, भावनाओं और संगीत से भरपूर होने वाली है। खास बात यह है कि दर्शकों को आदित्य और तारा की नई ऑनस्क्रीन जोड़ी देखने को मिलेगी। आदित्य रॉय कपूर बॉलीवुड में अपनी रोमांटिक फिल्मों के लिए खास पहचान रखते हैं। 'आशिकी 2' जैसी फिल्म में उनके अभिनय और रोमांटिक अंदाज को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। वहीं तारा सुतारिया भी अपनी खूबसूरती, अभिनय और स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं। ऐसे में दोनों को एक इंटेंस म्यूजिकल लव स्टोरी में साथ देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होगा। इस प्रोजेक्ट में तारा 'मरजावां' के बाद भूषण कुमार और मिलाप मिलन जवेरी के साथ फिर से



काम कर रही हैं । उन्होंने पहले भी टी-सीरीज के साथ 'एक विलेन रिटर्न्स' में काम किया था और अब यह बैनर के साथ उनका तीसरा काम है। एक रॉ और इमोशनल लव स्टोरी के सेंटर में, इस फिल्म का मकसद लड़ाई और हाई-स्टेक ड्रामा के बैकग्राउंड में रोमांस को दिखाना है। निर्माताओं की योजना के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू होगी और इसे 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल फिल्म के आधिकारिक नाम और रिलीज डेट की घोषणा होना बाकी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि आदित्य रॉय कपूर और तारा सुतारिया की यह नई रोमांटिक जोड़ी बड़े पर्दे पर दर्शकों का दिल जीतने में कितनी सफल होती है।

महिला किरदारों ने दिखाई ताकत, दर्शकों ने अपनाईं ये महिला केंद्रित फिल्में

मदर इंडिया से नई नवेली तक, कहीं जिद तो कहीं हौसले की उड़ान

नई दिल्ली। यामी गौतम स्टारर फिल्म 'नई नवेली' ने आठ दिनों में दुनियाभर में करीब 30 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह मूवी 'प्रहार' जैसी फिल्मों को टक्कर दे रही है। बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' एक हॉरर-कॉमेडी है, जिसमें अभिनेत्री ने मोहिनी नाम की रहस्यमयी बहू का किरदार निभाया है, जिसे देखने के बाद डर का माहौल बनने लगता है। ऐसे में फिल्म की कहानी, कमाई और एक्ट्रेस के अभिनय ने इसे एक बार फिर बॉलीवुड की महिला प्रधान फिल्मों को चर्चा में ला दिया है। कभी हीरो के नाम पर टिकट बेचने वाली इंडस्ट्री में अब अभिनेत्रियां भी अपने दम पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही हैं। ऐसे में आइए इस फिल्म के साथ-साथ अब जानते हैं उन चर्चित वुमन सेंट्रिक फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल करने के साथ महिला किरदारों की ताकत भी दिखाई।



मदर इंडिया : नरगिस स्टारर 'मदर इंडिया' भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार महिला प्रधान फिल्मों में शामिल है। महबूब खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म राधा नाम की महिला की कहानी है, जो गरीबी, कर्ज और सामाजिक मुश्किलों के बीच अपने बच्चों की परवरिश करती है। पति के साथ छोड़ जाने के बाद भी राधा हार नहीं मानती और अकेले अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाती है। फिल्म में एक मां के संघर्ष, स्वाभिमान और न्याय के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दिखाया गया है। कहानी में ऐसा मोड़ भी आता है, जब राधा को अपने बेटे के खिलाफ कठोर फैसला लेना पड़ता है। नरगिस के दमदार अभिनय ने इस किरदार को अमर बना दिया। 'मदर इंडिया' सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म की श्रेणी में ऑस्कर के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी थी।

मिर्च मसाला : केतन मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिर्च मसाला' महिलाओं के साहस, आत्मसम्मान और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की कहानी है। फिल्म में स्मिता पाटिल ने सोनबाई का किरदार निभाया है, जो एक ताकतवर सूबेदार की बुरी नजरों का शिकार होती है। हालांकि, वह उसके सामने झुकने के बजाय उसका डटकर मुकाबला करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक महिला अपने सम्मान की रक्षा के लिए समाज की रूढ़िवादी सोच और पुरुष प्रधान व्यवस्था को चुनौती देती है। यह फिल्म महिला एकजुटता और सशक्तिकरण का मजबूत संदेश देती है।

दामिनी : राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'दामिनी' एक ऐसी महिला की कहानी है, जो सच और इंसाफ के लिए अपने परिवार और समाज के खिलाफ खड़ी हो जाती है। फिल्म में मीनाक्षी शेषाद्रि ने दामिनी का किरदार निभाया है। दामिनी अपने घर में काम करने वाली एक युवती के साथ हुए दुष्कर्म की गवाह बनती है और उसे न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती है। इस लड़ाई में उसे कई मुश्किलों, धमकियों और पारिवारिक दबाव का सामना करना पड़ता है, लेकिन वह हार नहीं मानती। यह फिल्म महिलाओं के साहस, न्याय और सच्चाई के लिए लड़ने की ताकत को दर्शाती है।

इंग्लिश विंग्लिश : श्रीदेवी स्टारर 'इंग्लिश विंग्लिश' एक साधारण गृहिणी के आत्मविश्वास और आत्मसम्मान की खूबसूरत कहानी है। गौरी शिंदे के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी ने शशि नाम की महिला का किरदार निभाया है, जो अपने परिवार का पूरा ध्यान रखती है, लेकिन अंग्रेजी नहीं बोल पाने के कारण उसे घर में ही मजाक का सामना करना पड़ता है। जब शशि अमेरिका जाती है, तो वह अंग्रेजी सीखने का फैसला करती है। लंबे अंतराल के बाद श्रीदेवी की इस फिल्म से वापसी हुई थी और उनके अभिनय को खूब सराहा गया।

कहानी : विद्या बालन की 'कहानी' महिला प्रधान सस्पेंस फिल्मों की बेहतरीन मिसाल मानी जाती है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विद्या ने एक गर्भवती महिला का किरदार निभाया, जो अपने लापता पति की तलाश में कोलकाता पहुंचती है। फिल्म ने भारत में लगभग 51.55 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। कम बजट, मजबूत पटकथा और शानदार अभिनय के दम पर फिल्म सफल रही।

गंगूबाई काठियावाड़ी : संजय लीला भंसाली की 'गंगूबाई काठियावाड़ी' ने साबित किया कि बड़े बजट की फिल्म को सफल बनाने के लिए पुरुष सुपरस्टार का होना जरूरी नहीं है। आलिया भट्ट ने गंगूबाई के किरदार में अपनी अभिनय क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

खबर संक्षेप

वनांचल में शिक्षा और संस्कार की अलख जगा रहीं शिशु निकेतन



जनकपुर। वनांचल क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार के साथ संस्कारों की परंपरा को आगे बढ़ाने में जुटे वंदना शिशु शिक्षा निकेतन की प्राचार्या नीरजा सिंह, व्याख्याता ऋचा सिंह और व्याख्याता फरहीन खान को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। मनेन्द्रगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में संकल्प ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की ओर से तीनों शिक्षिकाओं को सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे। वंदना शिशु शिक्षा निकेतन पिछले 26 वर्षों से वनांचल क्षेत्र भरतपुर में शिक्षा की अलख जगा रहा है। भखार विकास मंच द्वारा संचालित इस संस्था ने शिक्षा के साथ संस्कारों को भी अपनी कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा बनाया है। विद्यालय की पहचान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के प्रयासों से बनी है। वनांचल क्षेत्र में शिक्षा की राह कई परिवारों के लिए आर्थिक चुनौतियों से भरी होती है। ऐसे में वंदना शिशु शिक्षा निकेतन जरूरतमंद और गरीब परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दे रहा है। संस्था का उद्देश्य केवल बच्चों को किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में भी काम करना है। विद्यालय की नींव रखने वाली प्राचार्या नीरजा सिंह का कहना है कि उनका पूरा जीवन विद्यालय और बच्चों को समर्पित है। बच्चों को शिक्षित करना, उन्हें अच्छे संस्कार देना और उनके उज्जवल भविष्य के निर्माण में योगदान देना ही उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। शिक्षा के क्षेत्र में मिला यह सम्मान विद्यालय परिवार के लंबे प्रयासों और समर्पण को प्रोत्साहित करने वाला है।

कर्मा पर्व दशई उरांव कर्मा में पहुंचे पूर्व नपाध्यक्ष

बैकुण्ठपुर। जिले के ग्राम पंचायत आनी रीता परिसर में कर्मा पर्व दशई उरांव कर्मा में मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल शामिल हुए। आयोजक समिति के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर और बैच लगाकर पूर्व नपाध्यक्ष का स्वागत किए, पारंपरिक लोक संस्कृति, जनजातीय परंपराओं और ग्रामीणों के उत्साह की शानदार झलक देखने को मिली। कर्मा में प्रतिभागियों ने अपनी कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू, पूर्व उप सरपंच दिल बंधु यादव, मंडल अध्यक्ष कांग्रेस भाड़ी राजू भगत, जनपद सदस्य गणेश राजवाड़े, मनमत मूलचंद सरपंच आनी, लाल दास महंत पत्रकार बैकुंठपुर, योगेश आनंद पच आनी, दीतेंद्र जायसवाल सहित अन्य लोग शामिल हुए।

दो दिवसीय कोरिया साहित्य महोत्सव का समापन

साहित्य की विरासत को आगे बढ़ा रहा है कोसम - प्रभात

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

लोककला संस्कृति और साहित्य के समागम के लिए आयोजित कोरिया साहित्य महोत्सव के दूसरे दिन का गरिमामय आयोजन छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग अध्यक्ष प्रभात मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने आयोजन में शामिल होकर दूसरे दिवस सत्र का दीप प्रज्जवलित कर औपचारिक शुभारंभ किया और पूरे प्रदेश के साहित्य और कला संस्कृति धर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए पुरूस्कृत किया। दूसरे दिवस के औपचारिक शुभारंभ अवसर पर राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा के साथ बैकुंठपुर एसईसीएल क्षेत्र के महाप्रबंधक नरेश प्रसाद, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े और क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार वीरेन्द्र श्रीवास्तव मंच पर उपस्थित रहे।

कोरिया पहुंचे छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने उपस्थित साहित्यप्रेमियों, कलाप्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरिया के पास एक समृद्ध साहित्यिक और वैचारिक इतिहास उपलब्ध है। यहां की उर्वरा धरती ने सदियों तक साहित्य की सृजनात्मकता को उर्जा प्रदान की है। कोरिया साहित्य महोत्सव कोरिया की इसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए शानदार पहल कर रहा है। कोरिया साहित्य महोत्सव की विविधता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्होने कहा कि यह पूरा क्षेत्र अपने आप में बेहद महत्वपूर्ण और गौरवशाली इतिहास समेटे हुए है। भारत के विभिन्न राज्यों का भ्रमण कर समाज में वैचारिक क्रांति फैला रहे वरिष्ठ विचारक नागेन्द्र वशिष्ठ ने भी कोरिया साहित्य महोत्सव में अपनी सहभागिता देकर साहित्यप्रेमियों को संबोधित कर प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि की आसंदी से कोरिया साहित्य महोत्सव में कलाप्रेमियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक नरेश प्रसाद, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े और सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े ने भी अपनी शुभकामनाएं देते हुए कोरिया साहित्य महोत्सव के चौथे संस्करण को क्षेत्र के लिए उपलब्धि करार दिया। उन्होने कोरिया जिले के इस आयोजन को सभी के लिए सीखने का अवसर बतलाते हुए कहा कि कोरिया साहित्य महोत्सव से पूरे क्षेत्र की नई प्रतिभाओं को सीखने और आगे बढ़ने की उर्जा मिलती हैं। कोरिया साहित्य महोत्सव के दूसरे दिन राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा की उपस्थिति में विभिन्न विद्यालयीन बच्चों के अलावा राष्ट्रीय स्तर के कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान श्री मिश्रा ने विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में संस्था के संरक्षक नरेश सोनी के साथ कोरिया के 38 नवोदित रचनाकारों और अलग अलग जिलों से आए कुल 41 कलाधर्मियों को मंच से सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होने पूरे क्षेत्र में समाज में सक्रिय सहभागिता रखने वाले वरिष्ठ पत्रकारों, क्षेत्रीय कामगारों के लिए सक्रिय श्रमिक नेताओं, समाजसेवियों को भी सम्मान प्रदान किया। कोसम के दो दिवसीय आयोजन के दौरान कुल 147 कलाकारों और साहित्यकारों तथा 16 समाजसेवियों का मंच से अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। सभी की उपस्थिति के लिए अंत में आभार प्रदर्शन रूद्र मिश्रा तथा पूरे आयोजन में मंच का संचालन सुनील शर्मा ने किया। कार्यक्रम मे वरिष्ठ साहित्यकार डी के उपाध्याय, रमेश गुप्ता, सुंदर लाल तिवारी, सूरजपुर से डॉ ओंकार साहू, तहसील दार बैकुंठपुर प्रांजल मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, राजेश तिवारी, शैलेश तिवारी, सिद्धार्थ खैरवार, श्रीमती चंद्रा चर्चित, राजेंद्र सोनी, योगेन्द्र मिश्रा, शैलेष शिवहरे, भानू पाल, अमित श्रीवास्तव, अनूप बड़ेरिया, रायपुर से आशीष राज सिंघानिया, हर्षराज हर्ष, सुनील शर्मा, आयुष नामदेव, तारा पाण्डे, अलीशा शेख, योगेश गुप्ता, हरिकांत अग्निहोत्री, विनय तिवारी, मिराज अली सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार संस्कृति धर्मी, स्थानीय कलाकारों के साथ साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

147 कलाकार और साहित्यकारों के साथ 16 समाजसेवियों का मंच से हुआ सम्मान किया



दिल्ली से आए मुरारी ने जीता दिल

काव्य त्रिवेणी में पधारे दिल्ली के प्रख्यात रचनाकार मुरारी मंडल ने देर रात तक दर्शकों को काव्यधाराओं में डुबाए रखा। सरल और सहज प्रस्तुति से दिल को छू लेने वाली रचनाओं पर मुरारी मंडल दर्शकों ने जमकर सराहा। उनके साथ मुंगेली से आए देवेन्द्र परिहार और घरघोड़ा से आए हर्षराज हर्ष की प्रस्तुतियों पर देर रात तक श्रोता मंत्रमुग्ध होते रहे।



राधा कृष्ण प्रेम मंदिर में शरद पूर्णिमा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

प्रेमाबाग परिसर, बैकुंठपुर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य संकीर्तन एवं अमृत रूपी खीर प्रसाद का वितरण किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान 'राधे-राधे परिवार बैकुंठपुर' के तत्वावधान में अगाध श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

शरद पूर्णिमा का महत्व और पौराणिक मान्यता पर प्रकाश डालते हुए मंदिर के पुजारी सत्येंद्र नाथ शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात बेहद खास और चमत्कारी मानी जाती है। कहा जाता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सभी 16 कलाओं से पूर्ण होकर अमृत की वर्षा करता है। इसी पावन तिथि को भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के संग महारास रचाया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार, प्रभु ने अपनी वंशी की मधुर तान से सभी गोपियों को आकर्षित किया और योगमाया के प्रभाव से एक रात को कई महीनों की रात में बदल दिया था, जहां हर गोपी के साथ स्वयं कृष्ण नृत्य कर रहे थे। इस अलौकिक प्रेम और भक्ति की स्मृति में आज भी शरद पूर्णिमा पर विशेष उत्सव मनाए जाते हैं।



भक्ति के सागर में डूबा मंदिर परिसर

इस पावन अवसर पर बैकुंठपुर के राधा कृष्ण मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से महाआरती के साथ हुआ। इसके पश्चात आयोजित भजन संकीर्तन में बैकुंठपुर की मातृशक्ति, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। संकीर्तन के दौरान पूरा मंदिर परिसर राधा-कृष्ण के जयकारों और भक्तिमय भजनों से गुंजायमान रहा। भक्तजन ढोलक-मंजीरों की थाप पर भावविभोर होकर झूमते-गाते नजर आए। शरद पूर्णिमा की मान्यता के अनुसार, चंद्रकिरणों के साये में रखी गई विशेष अमृत रूपी खीर का महाप्रसाद सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस विशेष उत्सव पर पौराणिक महारास की परंपरा को जीवंत करते हुए, पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर आईं महिलाओं ने भक्ति गीतों और मनमोहक नृत्य के माध्यम से आनंद उठाया।

शरद पूर्णिमा पर अमृतमयी खीर का वितरण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

लोक संस्कृति और भारतीय दर्शन के प्रतीक- शरद पूर्णिमा के अवसर पर एमसीबी योग सेवा समिति के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में वरिष्ठ योग साधकों की उपस्थिति में आत्मिक आयोजन किया गया। शरद पूर्णिमा की दूधिया चांदनी एवं खीर में अमृत की बूंदे तलाशने की लोक संस्कृति पर केंद्रित इस कार्यक्रम में योग, आयुर्वेद एवं आध्यात्मिक पृष्ठभूमि से जुड़े एवं नियमित योग साधक एवं साधिकाएं विशेष रूप से उपस्थित थी।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए योग समिति के जिला प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने कहा कि -शरद पूर्णिमा की दूधिया चांदनी और छत पर रखी खीर में अमृत की बूंदे तलाशने की हमारी लोक संस्कृति केवल मौसमी उल्लास ही नहीं बल्कि भारतीय दर्शन का वह जीवन प्रतीक है जो प्रकृति और मनुष्य के बीच अटूट आत्मीयता को रेखांकित करता है। श्री उपाध्याय ने शरद पूर्णिमा पर्व के पारंपरिक पौराणिक प्रसंगों को सुख समृद्धि से जोड़ते हुए कहा कि यदि हमारा अंतरण ईर्ष्या, द्वेष अहंकार की धूल से आच्छादित है तो प्रकृति की असीम अनुकंपा और ब्राह्मड ऊर्जा कभी भी मनुष्य के मन को तृप्त नहीं कर सकती। शरद पूर्णिमा में खीर में अमृत वर्षा के पौराणिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान के तनाव अशांति और आंतरिक असंतोष के दौर में सच्चा अमृत किसी आकाश में नहीं बल्कि हमारे भीतर निवास करता है। शरद पूर्णिमा पर केवल खीर को खुले आसमान के नीचे रखना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि अपने भीतर की चेतना के द्वार खोलकर उसे क्षमा करुणा सेवा और प्रेम से परिपूर्ण करना ही इस महापर्व का वास्तविक मर्म है। योग सत्र के दौरान शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस आत्मिक आयोजन में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण निशि, योग साधक दिवाकर मिश्रा, भैरव प्रसाद केसरवानी, पवन पोद्दार, धर्मराज वर्मा, बलवीर कौर, जगदंबा अग्रवाल, विकास कुमार गोयल ,राकेश अग्रवाल, पिंकी सलूजा, रेखा उपाध्याय, विमला यादव, कविता मंगतानी आदि उपस्थित थे। अंत में शरद पूर्णिमा की दूधिया चांदनी से युक्त अमृतमयी खीर का वितरण समस्त योग साधकों के मध्य किया गया।





कोसम में वरिष्ठ साहित्यकार पुष्करलाल सम्मानित

मनेन्द्रगढ़। कोरिया साहित्य महोत्सव 2026 में मनेंद्रगढ़ के वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार पुष्कर लाल तिवारी को सम्मानित किया गया। प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उन्हें वरिष्ठ साहित्यकार के रूप में काव्य पाठ के लिए मोमेंटो एवं साझा काव्य संग्रह की पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। साहित्य के क्षेत्र में करीब 30 वर्षों से सक्रिय पुष्कर लाल तिवारी की अनेक रचनाएं दैनिक समाचार पत्रों और विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। वे पुस्तक समीक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कोरिया साहित्य महोत्सव में साहित्यकारों की उपस्थिति के बीच पुष्कर लाल तिवारी का सम्मान साहित्य जगत में उनके लंबे योगदान का सम्मान रहा। तीन दशकों से साहित्य सृजन में सक्रिय तिवारी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्यिक गतिविधियों में सहभागिता निभाई है। उनकी रचनाएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं। इसके साथ ही पुस्तक समीक्षा के क्षेत्र में भी उनकी सक्रियता बनी हुई है। सम्मान प्राप्त करने पर पुष्कर लाल तिवारी ने अभिव्यक्ति संस्थान बैकुण्ठपुर के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने साहित्य सेवा के लिए मिले इस सम्मान को महत्वपूर्ण बताया। वहीं, उन्हें सम्मानित किए जाने पर उनके मित्रों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

ग्राहक को परोसी गई फफूंद लगी मिठाई

वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर

अनूपपुर रेलवे स्टेशन के सामने स्थित प्रयाग स्वीट्स में ग्राहक को कथित तौर पर फफूंद लगी मिठाई दिए जाने का मामला सामने आया है। मिठाई में फफूंद दिखाई देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और दुकानों में उनके रखरखाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मामला सामने आने के बाद अब खाद्य विभाग की कार्रवाई पर लोगों की निगाहें टिकी हैं। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सीधे तौर पर आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ी होती है। ऐसे में यदि किसी ग्राहक को फफूंद लगी मिठाई दी गई है, तो यह गंभीर जांच का विषय है। वायरल वीडियो के बाद दुकान में मिठाइयों के भंडारण, रखरखाव, गुणवत्ता और उनकी बिक्री से संबंधित व्यवस्थाओं की जांच की मांग उठ रही है। हालांकि, वायरल वीडियो में सामने आए मामले की आधिकारिक पुष्टि और जांच के निष्कर्ष सामने आना अभी बाकी है।



खाद्य विभाग की कार्रवाई का इंतजार

मामले की जानकारी खाद्य विभाग तक पहुंचने के बाद भी जांच और कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। इस संबंध में जब खाद्य अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा से फोन पर संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने जिले से बाहर होने की बात कही। साथ ही, अगले दिन जानकारी देने की बात कहकर फिलहाल मामले में विस्तृत जानकारी नहीं दी।



सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विद्यार्थियों को किए जागरूक

मनेन्द्रगढ़। बचपन बचाओ आंदोलन के तहत सुरक्षित बचपन अभियान एवं अखिल भारतीय विद्यालय जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को सरस्वती विकास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मनेन्द्रगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट), बाल सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की थीम जागरूकता, सुरक्षा और संरक्षण-हर बच्चे का अधिकार रही। शिविर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति यशवंत वासनिकर, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरिता दास, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लोकेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राकेश कुमार सोरी तथा सुमित कुमार नायक की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान अधिकार मित्र अंजनी यादव, अधिकार मित्र अजय विश्वकर्मा एवं साइबर सेल की टीम ने विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों, बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा लैंगिक अपराधों से संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

6 नवंबर धनतेरस पर खरीदारी को लेकर उत्साह

दीपावली से पहले बाजार में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

रोशनी और खुशियों के पर्व दीपावली को लेकर शहर में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। इस वर्ष दीपावली का पर्व 8 नवंबर को मनाया जाएगा, जबकि इसके दो दिन पहले 6 नवंबर को धनतेरस का पर्व रहेगा। दीपावली और धनतेरस को लेकर मनेन्द्रगढ़ के बाजारों में अभी से चहल-पहल बढ़ गई है। त्योहारी खरीदारी के लिए लोग बाजार पहुंचने लगे हैं, जिससे दुकानदारों के चेहरे पर भी रौनक नजर आने लगी है।

धनतेरस को लेकर विशेष रूप से सराफा बाजार, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, कपड़ा, फर्नीचर, सजावटी सामान और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। मान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन नई वस्तुओं की खरीदारी को शुभ माना जाता है। यही कारण है कि इस दिन सोने-चांदी के आभूषणों से लेकर बर्तन, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान तक खरीदने की परंपरा है। दीपावली को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों और दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। रंग-बिरंगी झालरें, विद्युत सजावट, दीपक, मोमबत्तियां और अन्य सजावटी सामान बाजार में दिखाई देने लगे हैं। घरों को सजाने के लिए ग्राहक भी अपनी जरूरत के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में पारंपरिक मिट्टी के दीयों के साथ-साथ आकर्षक डिजाइन वाले दीपक और सजावटी वस्तुओं की भी मांग दिखाई दे रही है। कपड़ा बाजार में भी दीपावली को लेकर नई वैरायटी पहुंच चुकी है। लोग परिवार के सदस्यों के लिए नए कपड़े, बच्चों के लिए आकर्षक परिधान तथा उपहार सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। मिठाई और नमकीन की दुकानों पर भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। आने वाले दिनों में बाजार में भीड़ और बढ़ने की संभावना है।



व्यापारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद

त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही व्यापारियों को बेहतर कारोबार की उम्मीद है। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों में नई सामग्री सजाकर रखी है। कई प्रतिष्ठानों में दीपावली के लिए विशेष ऑफर और विभिन्न उत्पादों की नई रेंज भी उपलब्ध कराई जा रही है। धनतेरस के दिन बाजार में सबसे अधिक भीड़ रहने की संभावना है। इसे देखते हुए व्यापारियों ने अतिरिक्त स्टॉक मंगाना शुरू कर दिया है। विशेषकर बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, आभूषण और सजावटी सामान की बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है।

यातायात और व्यवस्था पर भी रहेगी नजर

धनतेरस और दीपावली के दौरान बाजारों में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से यातायात का दबाव भी बढ़ेगा। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन के लिए चुनौती होगी। दुकानदारों और ग्राहकों को भी सड़क पर अनावश्यक भीड़ और वाहन खड़ा करने से बचने की जरूरत होगी। फिलहाल दीपावली से पहले ही मनेन्द्रगढ़ का बाजार त्योहार के रंग में रंगता नजर आने लगा है। 6 नवंबर धनतेरस और 8 नवंबर दीपावली को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

